हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 11 मई 2024

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

04 चार पोलिंग बूथ पर फिर से हुई वोटिंग, 72.97...



07 कलेक्टर ने गूजरवाड़ा और डोकरी खेड़ा रेशम प्रक्षेत्र...



### प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश पिपरिया ने सुनाया फैसला, भेजा उपजेल

## गेहूं खरीदी में गड़बड़ी करने के दोषी विधायक प्रतिनिधि सहित 10 को सजा

**वर्ष 2013 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी में गड़बड़ी करने के आरोप में शुक्रवार को पिपरिया की प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश की अदालत ने नपाध्यक्ष के पति नवनीत नागपाल सहित 10 लोगों को सात साल की सजा सुनाई है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम जिले के पिपरिया तहसील में 11 साल पहले 15 जून 2013 को गेहूं खरीदी के मामले में गड़बड़ी करने के आरोप में प्रथम अतिरिक्त सेशन न्यायाधीश पिपरिया, कैलाश प्रसाद मरकाम की अदालत ने शुक्रवार को गेहूं खरीदी घोटाले में फैसला सुनाया। फैसले में नपा अध्यक्ष नीना नागपाल के पति एवं विधायक प्रतिनिधि नवनीत नागपाल एवं राजेन्द्र दुबे, अजय कुमार माहेश्वरी, सतीश जायसवाल, हेमराज सिंह चौधरी, राघव सिंह पुर्विया, जगदीश अग्रवाल, संध्या अग्रवाल, सुनीता रघुवंशी, जानकी पटैल को सात साल की सजा एवं 5 हजार रूपए के अर्थदण्ड की सजा से सुनाई है। न्यायालय ने सभी आरोपियों को पिपरिया की उपजेल में भेज दिया है।





### ये है पूरा मामला

15 जून 2013 में विपणन सरकारी समिति मार्यादित पिपरिया के समिति संचालक होते हुए सदस्य वर्ष 2013-14 के गेहूं खरीदी संबंध में लोकसेवक के रूप में तैनात थे। अभियुक्तगण ने उपार्जित किए गए 104034.19 क्विंटल गेहूं में से उपार्जित मात्रा के अनुपात में 1416.19 क्विंटल गेहूं निगम को कम सौंपा। 1628.86 क्विंटल गेहूं अमानक स्तर का गेहूं उपार्जित किया और परिवहन के दौरान 185.02 क्विंटल गेहूं की कमी पाई गई। कोर्ट ने माना अभियुक्तगण ने कर्तव्यहीनता से गेहूं में कमी, सूखत, परिवहन में कमी, अमानक स्तर के गेहूं की खरीदी पर हुई क्षति कर नुकसान पहुंचाया। निगम को 1416.19 क्विंटल गेहूं की राशि 21,24,285 रुपये, 1628.86 क्विंटल गेहूं की राशि 2,93,528 रुपए एवं 185.02 क्विंटल गेहूं की राशि 2,77,530 रुपए की क्षति पहुंचाई। कुल क्षति 26,95,343 की न्यायालय ने आंकी है। आरोपी अपराध धारा-409 भा.द.स. के अपराध में दोषी पाए गए हैं।

**ये हैं दोषी**

- राजेन्द्र दुबे पिता स्व0 हरिप्रसाद दुबे, आयु 62 वर्ष, व्यवसाय-कुछ नहीं
- नवनीत सिंह नागपाल पिता सरदार सिंह आयु 59 वर्ष, निवासी-वीवी गिरी वार्ड पिपरिया
- अजय कुमार माहेश्वरी पिता स्व0 मुरलीधर आयु 62 वर्ष, व्यवसाय-किसानी, निवासी-तिलक वार्ड
- सतीश पिता शिवनारायण जायसवाल, आयु 50 वर्ष, निवासी-नेहरू वार्ड पिपरिया
- हेमराज सिंह पिता पन्नालाल चौधरी, आयु 61 वर्ष, निवासी-पचुआ
- राघव सिंह आत्मज छोटेलाल पुरविया, आयु 45 वर्ष, व्यवसाय-कृषि, निवासी-ग्राम- पनारी
- जगदीश पिता स्व0 सरवनलाल अग्रवाल, आयु 52 वर्ष
- संध्या अग्रवाल पति जगदीश कुमार, आयु 58 वर्ष, तहसील कॉलोनी पचमढ़ी रोड़ पिपरिया
- सुनीता रघुवंशी पति लक्ष्मण सिंह, आयु 45 वर्ष, ग्राम सिमारा पिपरिया
- जानकी पटैल पति दिनेश कुमार पटैल, आयु 51 वर्ष, गड़ाघाट

## प्रदेश का हिल स्टेशन पचमढ़ी पर्यटकों को लुभा रहा, बी फॉल बना पहली पसंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी

नर्मदापुरम जिले में सतपुड़ा पर्वत की श्रृंखलाओं के बीच बसा मध्यप्रदेश के एकमात्र हिल स्टेशन पचमढ़ी में पर्यटकों की आवाजाही में वृद्धि हुई है। मध्यप्रदेश पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु लगातार नवाचार एवं गतिविधियों की जा रही हैं। जिससे पर्यटकों का फुटफॉल लगातार बढ़ रहा है। पचमढ़ी पर्यटकों की पहली पसंद बना हुआ है क्योंकि यहां हर प्रकार का पर्यटन के साथ एडवेंचर भी है। मई माह में पर्यटकों के आवाजाही में तेजी आई है। पर्यटकों के आगमन के लिए मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग एवं जिला प्रशासन सदैव की भाँति फिर से पर्यटकों के स्वागत हेतु उत्साहित है। इसी श्रृंखला में मध्य प्रदेश पर्यटन विभाग की होटल हाइलैंड में आए अतिथियों के लिए संगीतमय संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें लाइव सिंगिंग, फूड काउंटर के साथ बेहद स्वादिष्ट विविध प्रकार के व्यंजन परोसे गए। इस आयोजन से अतिथि पर्यटक भी बेहद रोमांचित एवं उत्साहित रहे। अतिथियों द्वारा बताया गया कि पचमढ़ी का मौसम बेहद सुहाना है व शाम के समय होटल द्वारा आयोजित किया गया कार्यक्रम बेहद सराहनीय है। हमारे ग्रुप ने इस आयोजन एवं स्वादिष्ट व्यंजन का भरपूर आनंद लिया। उक्त संगीत संध्या का आयोजन क्षेत्रीय प्रबंधक पचमढ़ी ए यू खान के मार्गदर्शन में प्रबंधक होटल हाइलैंड अनिल राय द्वारा किया गया।




मध्य प्रदेश पर्यटन के क्षेत्रीय प्रबंधक श्री ए यू खान द्वारा बताया गया कि मध्य प्रदेश पर्यटन पचमढ़ी परिवार सदैव ही अपने अतिथियों को उत्तम सेवाएं प्रदान करने के लिए आतुर रहता है व उनके ट्रिप को सुखद एवं यादगार बनाने के लिए इस प्रकार के आयोजन हमारे द्वारा निरंतर किया जा रहे हैं। आगामी समय में भी निरंतर विविध प्रकार के आयोजन किए जाएंगे। जिसमें संगीत संध्या, फूड फेस्टिवल्स का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। पर्यटन विभाग द्वारा किए जाने वाले आयोजनों से पचमढ़ी को देश में नई पहचान मिल रही है जिससे पचमढ़ी में आने वाले पर्यटकों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।

### बी-फॉल बना पहली पसंद

पचमढ़ी के विश्व प्रसिद्ध झरना बी फाल पर्यटकों के लिए पहली पसंद बना हुआ है। जब आप झरने के नीचे रहते हैं तो झरने की बूंदे शरीर पर इस तरह पड़ती है जैसे की कोई मधुमक्खी शरीर में डंक मार रही हो। इसी को देखते हुए इस झारबे को बीफॉल कहा जाने लगा।

## पृथ्वी की चमक से चमकेगा, रहेगा हंसियाकार चांद लेकिन दिखेगा पूरा साः सारिका घारू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

शनिवार की शाम जब आप पश्चिम दिशा में शुक्ल पक्ष चतुर्थी के हंसियाकार चांद को देखेंगे तो आप पायेंगे कि हंसियाकार भाग तो तेज चमक के साथ है लेकिन हल्की चमक के साथ पूरा गोलाकार चंद्रमा भी दिखाई दे रहा है। साल में सिर्फ दो बार दिखने वाली यह खगोलीय घटना के बारे में बताते हुये नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने बताया कि इसे अर्थशाईन कहा जाता है। इस घटना में चंद्रमा का अप्रकाशित भाग दिखाई देता है। इसे दा विंची चमक के नाम से भी जाना जाता है। लियोनार्डो द विंची ने पहली बार स्केच के साथ 1510 के आसपास अर्थशाईन की अवधारणा को रखा था। सारिका ने बताया कि चंद्रमा



अपने तक पहुंचने वाले सूर्य के प्रकाश का लगभग 12 प्रतिशत परावर्तित करता है। दूसरी ओर, पृथ्वी अपनी सतह पर आने वाले सभी सूर्य के प्रकाश का लगभग 30 प्रतिशत परावर्तित करती है।पृथ्वी का जब यह परावर्तित प्रकाश चंद्रमा पर पहुंचता है तो चंद्रमा की सतह के अंधेरे वाले भाग को भी रोशन कर देता है। सारिका ने बताया कि विदेशों में इस खगोलीय घटना को अशेन ग्लो या नये चंद्रमा की बांहों में पुराना चंद्रमा भी नाम दिया गया है । आज जब आप चंद्रमा को देखें तो याद रखें उसे चमकाने में उस पृथ्वी का भी योगदान है जिस पर आप खड़े हैं।

## आरटीओ जांच दल की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी, 76500 का चालान व कर वसूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

कलेक्टर के निर्देशानुसार आरटीओ अधिकारी निशा चौहान के आदेश पर आरटीओ जांच दल द्वारा शुक्रवार को नर्मदापुरम शहर सहित सिवनी मालवा तथा पिपरिया तहसील में जांच अभियान चलाया गया। जिसमे वाहनों के सम्पूर्ण दस्तावेज सहित गाड़ियों में कमियां मिलने पर चालानी कार्यवाही की गई, जांच में 1 वाहन बिना एचएसआरपी नंबर प्लेट, 2 वाहन बिना फिटनेस, 2 वाहन बिना बीमा, 3 वाहन ओवर हाइट, 14 अन्य वाहनों में कमियां पाई गई, साथ ही अन्य 10 वाहनों पर टैक्स बाकी पाया गया, जिन पर कार्यवाही करते हुए 76500 हजार रुपए का चालान किया गया, आरटीओ जांच दल द्वारा लगातार वाहनों पर कार्यवाही की जा




रही है, प्रत्येक छोटे तथा बड़े वाहनों की जांच करते हुए कार्यवाही की जा रही है, आगामी दिनों में और अधिक कार्यवाही जिले में अपूर्ण वाहनों पर किया जाएगा। ऐसी कार्यवाही दिन तथा रात्रि में लगातार की जाएगी, जांच दल के द्वारा वाहन स्वामियों को सख्ती के साथ हिदायत दी जा रही है की वाहनों के सम्पूर्ण दस्तावेज तथा वाहन की सही स्थिति में ही वाहनों का संचालन करें। आरटीओ अधिकारी निशा चौहान ने बताया कि आरटीओ जांच दल की टीम प्रत्येक तहसील में आगामी दिनो में जाकर वाहनों की जांच करेगी तथा जिन वाहनों में कमी पाई जाएगी ऐसे वाहनों की कमी को पूरा करते हुए चालानी कार्यवाही की जाएगी। इस कार्रवाई में सम्पूर्ण जांच दल शामिल रहा है।

## अवैध शराब का परिवहन करने वाले वाहनों को किया राजसात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



जिले के विभिन्न स्थानों पर अवैध शराब की तस्करी करने वाले 6 मामले में वाहन राजसात किए गए हैं। कलेक्टर सोनिया मीना ने वाहनों को राजसात करने के दिए आदेश जारी किए हैं। लेकिन जिले के विभिन्न स्थानों पर दुकानों से अत्यधिक मात्रा में लोगों को शराब बेचने और अवैध तरह से शराब बेचने पर पाबंदी नहीं लग पा रही है। जिसके कारण आएं दिन घटनाएं हो रही। पिछले दिनों पचमढ़ी में अत्यधिक शराब के सेवन से दंपति की मौत के बाद भी प्रशासन पूरे मामले पर सजग नहीं है। कलेक्टर एवं न्यायालय कलेक्टर माखननगर निवासी राजेश सराठे पिता रामेश्वर सराठे के वाहन क्रमांक एमपी 05 सीए 0437 को देसी मदिरा 270 बल्क लीटर का अवैध परिवहन करने के कारण राजसात करने के लिए आदेश दिए गए। इसी प्रकार ग्राम तुराखापा तहसील सोहागपुर निवासी सोहम पारधी आत्मज सागर पारधी की बाइक क्रमांक एमपी 05 एम एन 4148, माखननगर निवासी माही और नर्मदाप्रसाद अहिरवार की बाइक एमपी 05 एम.एक्स 3596, बुधनी निवासी लक्ष्मी केवट पत्नी राजाराम के वाहन क्रमांक एमपी 04 एचबी 0810, नर्मदापुरम निवासी शिवम कुचबंदिया के वाहन क्रमांक एमपी 05 एम एक्स 6649 को देसी मदिरा 54 बल्क लीटर का अवैध परिवहन करने पर व बनखेड़ी निवासी गणेशाराम के वाहन क्रमांक एमपी 05 एडी 1062 को हाथ भट्टी महुआ शराब 60 बल्क लीटर का अवैध परिवहन करने पर जप्तशुदा शराब सहित वाहन को राजसात करने के लिए आदेशित किया गया है।

### नेशनल लोक अदालत आज

**नर्मदापुरम।** नेशनल लोक अदालत का आयोजन 11 मई को किया जाएगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला एवं तहसील न्यायालय में 11 मई को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों एवं प्री लिटिगेशन प्रकरणों के निराकरण किया जाएगा।

### सीईओ जिला पंचायत ने किया केसला की छीतापुरा पंचायत का भ्रमण

**नर्मदापुरम।** जिले के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत द्वारा केसला जनपद की ग्राम पंचायत छीतापुरा में भ्रमण कर नाल जल योजना के कार्यों, मनरेगा एवं 15 वित्त से किया जा रहे कार्य आरोग्य केंद्र आदि का निरीक्षण किया गया। सीईओ जिला पंचायत द्वारा ग्राम पंचायत में भ्रमण कर नल जल योजना के तहत बनाई गई टंकी एवं नल कनेक्शन का घर घर जाकर निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान पाया गया कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग द्वारा घरों में नल कनेक्शन किए गए हैं परंतु पानी का रिसाव होने के कारण घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है साथ ही विभाग द्वारा बनाई गई पानी की टंकी में भी रिसाव देखा गया जिस कारण सीईओ जिला पंचायत द्वारा मौके पर उपस्थित ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग की उपयंत्री को निर्देश दिए गए की उक्त टंकी का मूल्यांकन डीपीआर अनुसार किया जाए एवं गुणवत्ता की रिपोर्ट एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत की जाए साथ ही ग्राम में बिछाई गई पाइपलाइन सुधार के निर्देश भी दिए गए। विभाग द्वारा जल सप्लाई हेतु बनाये गए कूप का निरीक्षण भी किया गया। छीतापुरा में मनरेगा योजना से अमृत सरोवर का निर्माण किया जा रहा है।

### विप्रजनों ने निकाली भव्य शोभायात्रा, अभिषेक पूजन के साथ संपन्न हुआ समारोह

## हर्षोल्लास से मनाई भगवान परशुराम जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

विप्र समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जी के प्रकोटोत्सव का आयोजन नर्मदापुरम में धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विप्र समाज ने गुरूवार को नर्मदा तट स्थित सुप्रसिद्ध सेठानीघाट से भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा शहर के प्रमुख मार्गों से निकाली। शोभायात्रा में बड़ी संख्या में ब्राह्मण समाज के बच्चें, युवा व बुजुर्ग शामिल हुए। महिलाएं पीले वस्त्र व पुरुष सफेद कपड़े व कुर्ता-पजामा पहन एक रंग में नजर आएं।

सेंट्रल बैंक, सराफा चौक, मोरछली चौक, इंदिरा चौक, सतरस्ता, जयस्तम्भ चौक, सराफा चौक होते हुए वापस सेठानी घाट पहुंची। जहां भगवान की महाआरती कर हुई। जिस मार्ग से शोभायात्रा निकली। वहां जय-जय परशुराम के जयकारों लगे। शोभायात्रा व भगवान की प्रतिमा पर व्यापारी संगठन, विश्व हिंदू परिषद विहिप, राजपूत समाज समेत अन्य समाज, संगठनों एवं जनप्रतिनिधियों ने फूल बरसाकर स्वागत किया।





### अभिषेक के साथ संपन्न हुआ समारोह

समिति के दिनेश तिवारी ने बताया शुक्रवार को सेठानीघाट मार्ग स्थित गोपाल मंदिर में भगवान परशुराम का अक्षय तृतीया को जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने भगवान परशुराम जी के सहस्त्र चालीसा का पाठ एवं अभिषेक पूजन कर धर्म लाभ लिया। इस अवर पर आचार्य गोपाल प्रसाद खड्डुर सहित समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में विप्र जन मौजूद रहे।

## केंद्रीय जेल में बंदियों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम



जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम द्वारा केन्द्रीय जेल नर्मदापुरम खंड-अ में मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें जेल में निरूद्ध बंदियों के हेपेटाटिस-बी, एवं सी, एचआईवी एड्स, सिफलिस जांच स्क्रीनिंग की गई। आयोजित शिविर में जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम के मेडिकल ऑफिसर डॉ. अंश चुघ, लैब टेक्निशियन दिलीप ठाकुर, डाटाऐन्ट्री ऑपरेटर रत्ना टिप्पन, प्रिजनपियर मोवीलाइजर शाकिर अली द्वारा जेल में निरूद्ध 210 पुरूष बंदियों की हेपेटाटिस-बी./सी., एचआईवी एड्स, सिफलिस स्क्रीनिंग एवं जांच की गई। आयोजित शिविर के दौरान जेल अधीक्षक संतोष सोलंकी, उप अधीक्षक प्रहलाद सिंह बरकडे, अष्टकोण अधिकारी हितेश बंडिया, डॉ. कुनाल राठोर, इन्दू राज साहू उपस्थित रहे।

### राजापुर, कुंदा रय्यत, चिखली माल, डडर रय्यत में डले 3037 में से 2216 मत

# चार पोलिंग बूथ पर फिर से हुई वोटिंग, 72.97% हुआ मतदान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

मुलताई विधानसभा 129 के 4 मतदान केंद्रों पर शुक्रवार 10 मई को फिर से मतदान हुआ। चार पोलिंग बुथो पर 72.97 प्रतिशत मतदान हुआ। चारों मतदान केंद्रो के कुल 3037 मतदाताओं में से 2216 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया।

रजापुर मतदान क्रमांक 275 मे 68.5% मत डले , डुडर रय्यत मतदान केंद्र क्रमांक 276 मे 76.62% मत डाले गए, कुंदा रय्यत मतदान केंद्र क्रमांक 279 में 74.28% मतदान हुआ तो वही चीखली माल मतदान केंद्र क्रमांक 280 में 75.15 प्रतिशत मत डाले गए।

## शांतिपूर्वक संपन्न हो गया मतदान

सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तृप्ति पटैरया ने जानकारी देते हुए बताया कि मतदान शांतिपूर्वक संपन्न हो गए सुबह 7 बजे से ही मतदाताओं में भारी उत्साह देखा गया सभी मतदाताओं को पुष्प गुच्छ देकर के स्वागत किया गया। मतदाताओं को धूप के समय शरबत वितरण किया गया। पेयजल व्यवस्था फर्स्ट एड किट आदि की व्यवस्था मतदान केंद्र पर की गई थी। तहसीलदार अनामिका सिंह एवं जिला निर्वाचन प्रशिक्षक जितेंद्र खन्ना पूरे समय मतदान केंद्र पर मॉनिटरिंग करते रहे। ग्रामीणों ने बताया कि यहां फिर से मतदान हुआ है वहां के लोग बड़ी संख्या में बाहर काम करते हैं जो 7 मई को आकर मतदान कर गए थे किंतु वह 10 तारीख को वापस अपने ग्राम नहीं लौट सके इसलिए अपेक्षाकृत मतदान नहीं हो सका किंतु फिर भी बड़ी संख्या में लोगों ने घरों से बाहर निकाल कर अपने मत अधिकार का उपयोग किया।बता दे की 7 मई को मतदान दल और मतदान सामग्री लेकर लौट रही बस में ग्राम गौला के पास अचानक आग लग गई थी जिसमें उक्त 4 मतदान केंद्रो की ईवीएम एवं ईवीएम पेड जल गए थे। जिसके चलते पुनः मतदान के आदेश भारतीय निर्वाचन आयोग के सचिव संदीप कुमार ने पत्र के माध्यम से दिए थे जिसके परिपालन में बैतूल जिला कलेक्टर एवं निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र कुमार सूर्यवंशी ने पुनः चुनाव के आदेश जारी कर पुनः मतदान प्रक्रिया को अंजाम दिया ।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज...

# लोक अदालत में निर्णय दिल से लिए जाते हैंः प्राणेश प्राण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

लोक अदालत की कल्पना को मूर्त रूप प्रदान करने के लिए प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया प्लेटफार्म की अहम भूमिका है और आप लोगों के सहयोग से ही हम अपनी बात जन-जन तक पहुंचा सकते है। यह बात बैतूल के जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्राणेश कुमार प्राण ने शनिवार को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत के संदर्भ में आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। न्यायाधीश प्राण न्यायालय परिसर स्थित विधिक सेवा प्राधिकरण के भवन में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय बैतूल एवं तहसील न्यायालय मुलताई, भैंसदेही, आमला में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत न्यायालयों में लंबित एवं प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का अधिक से अधिक संख्या में निराकरण किया जाएगा। इस अवसर पर विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुश्री महजबीन खान एवं विधिक सलाहकार सोमनाथ भी उपस्थित थे। उक्त लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला मुख्यालय बैतूल एवं तहसील स्तर मुलताई, भैंसदेही एवं आमला पर लगभग 3063 लंबित प्रकरणों एवं आज तक 5622 प्री-लिटिगेशन प्रकरणों को लोक अदालत के माध्यम से निराकरण हेतु रेफर किए गए हैं, जिसके लिए 20 खण्डपीठों का गठन किया गया है। लोक अदालत के माध्यम से प्रकरण का निराकरण होने पर कोर्ट फीस की पूर्ण वापसी हो जाती है, न्यायालय प्रक्रिया में लगने वाले समय एवं धन की बचत तथा आपसी कटुता का अंत हो जाता है।

### आमजन के लिए हो सहज माहौल

न्यायाधीश प्राण ने कहा कि आमजन और अदालत के बीच एक लंबी दूरी महसूस की जाती रही है। इस दूरी को खत्म करने के लिए जरूरी है कि स्कूली छात्र-छात्राओं को न्यायालय भवन का भ्रमण कराया जाए। यहां की कार्य प्रणाली से वे अवगत हों। कानून और पुलिस जो आम जनता के लिए ही काम करती है और आज जनता से ही दूरी बनाकर रखते है। इनके बीच एक विश्वास और मित्रता का माहौल होना चाहिए। ना जनता जानना चाहती है और ना ही पुलिस और कानून अपने बारे में उन्हें बताना चाहता है। इस भय के वातावरण को समाप्त करना होगा।

### लोक अदालतों में कराएं प्रकरणों का निराकरण

न्यायाधीश प्राण ने कहा लोक अदालतों के माध्यम से लोगों के पारिवारिक झगड़े एवं समस्याओं को अदालत के बाहर ही समझौते के माध्यम से निपटाने का प्रयास किया जाता है। अदालत में निर्णय आंखों से देखने के बाद भी साक्ष्यों पर आधारित होता है। लोक अदालत में निर्णय दिमाग नहीं दिल से किए जाते है। उन्होंने कहा कि लोक अदालतों में लोगों को चाहिए कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपने प्रकरणों का निराकरण करवायें।

## खबर संक्षेप



### गर्मी और उमस से हलाकान हो रहे लोग

**बैतूल।** जिला मुख्यालय पर हो रही बारिश और तेज धूप निकलने से गर्मी और उमस लोगों का हाल बेहाल कर रही है। जरूरी काम से घर से निकलने वाले लोग भी अपने आपको ऊपर से नीचे तक ढंककर ही बाहर निकल रहे हैं। वहीं कुछ लोग चश्मे और छाते का उपयोग करते हुए नजर आ रहे हैं। गर्मी के कारण लोगों की हालत खराब हो रही है। लोगों का कहना है कि कभी गर्मी तो कभी बारिश से तेज उमस हो रही है जिससे जीना मुहाल होने लगा है।

### करंट लगने से युवक की मौत

**बैतूल।** खेत में सिंचाई करने के लिए गया एक युवक मोटर चालू कर रहा था उसी समय उसे तेज करंट लग गया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव का जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया गया है। अस्पताल चौकी से मिली जानकारी के अनुसार उमेश दयाराम धुर्वे उम्र 18 वर्ष युवक गुरुवार देर शाम खेत पर सिंचाई के लिए गया था जहां डैम में सिंचाई की मोटर से पानी लेकर सिंचाई की जाती है। युवक मोटर चालू करडेम के पास पानी जांचने गया था, जहां उसे अचानक करंट लगा। जहां युवककी भाभी भी साथ थी, उन्होंने उमेश को गिरते देखा तो वह भागते हुए घर पहुंची और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो परिजनों ने देखा कि उमेश वहां बेहोश पड़ा था।

### आमला रेलवे स्टेशन पर जल की मशीन लगेगी

**बैतूल।** पंजाब सेवा समिति,



आमला द्वारा रेल यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ ही दिन में आमला रेल्वे प्लेटफार्म पर ठंडे एवं स्वच्छ जल की मशीन लगाई जाएगी। इस निर्णय की जानकारी देते हुए समिति के मदनलाल गुगनानी, दाताराम गुगनानी, सुभाष बत्रा, हेमन्त गुगनानी, चरणजीत गुगनानी, सुरेश बत्रा, किशोर गुगनानी, राजीव मदान, नवीन गुगनानी, यश गुगनानी, राजू मदान , राजेंद्र गुगनानी एवं डॉ रिशी सहगल ने बताया कि जल सेवा से बढ़ कर कोई सेवा नहीं है, हम जल का सरंक्षण, संवर्धन करें।

### लिटिल फ्लावर स्कूल का मामला

# फीस नहीं देने पर 12वीं की मार्कशीट नहीं दे रहा स्कूल

सारनी। निजी स्कूल अपनी हठधर्मिता से बाज नहीं आ रहे यही वजह है कि एक दलित युवक शिक्षा से वंचित रह रहा है। 2022 में कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद लिटिल फ्लावर स्कूल पाथाखेड़ा का 25 हजार रुपए फीस



जमा न कर पाने की वजह से प्रबंधन ने लकी पिता गजेंद्र डहेरिया को मार्कशीट देने से मना कर दिया जिसकी वजह से कक्षा 12वीं के बाद की पढ़ाई से दलित युवक वंचित हो गया है। लकी डहेरिया ने बताया कि उसके पिता हाथ मजदूरी करते हैं। 25 हजार रुपए में से 5 हजार की राशि उनके द्वारा जमा की जा चुकी है उसके बाद भी स्कूल पसे उन्हें मार्कशीट नहीं दी गई है जिसकी वजह से वह फर्स्ट ईयर की पढ़ाई से वंचित है। लकी ने बताया कि लिटिल फ्लावर स्कूल की बची हुई फीस उनके द्वारा मेडिकल स्टोर में कार्य करके जमा करने का कार्य किया जा रहा है। जानकारों का कहना है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम में किसी स्कूल के विद्यार्थी को शारीरिक एवं मानसिक यातना नहीं दी जा सकती यदि ऐसा किया जाता है तो यह शिक्षा का अधिकार अधिनियम का खुला उल्लंघन है इस स्कूल एवं स्कूल प्रबंधन पर कार्रवाई होगी। लिटिल फ्लावर स्कूल पाथाखेड़ा के शिक्षक सएसके कुरैशी का कहना है कि स्कूल की संचारी सिस्टर से इस विषय में चर्चा करने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है,आपके माध्यम से मुझे जानकारी दी गई है स्कूल प्रबंधन के सिस्टर से चर्चा करने के बाद कुछ रास्ता निकलने का काम किया जाएगा।

# भाजपा का झंडा जलाया, युवक पर एफआईआर की मांग

**बैतूल।** खेड़ीसावलीगढ़ में लोकसभा चुनाव की



आचार संहिता के बीच एक युवक ने बैतूल विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोदी जुनावानी में भाजपा का झंडा जला दिया। जब ग्रामीण मंडल के उपाध्यक्ष चंद्रभान सिंह चंदेल ने इसका विरोध कर झंडा जलाने वाले व्यक्ति से फोन पर बात की तो पहले उसने साफ मना कर दिया और बाद में कहा हां मैने ही जलाया किसी के कहने पर। उस शख्स के साथ एक व्यक्ति कांग्रेस का झंडा पकड़े हुए दिखलाई दे रहा है। ग्रामीण मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ने इस घटना की निन्दा करते हुआ झंडा जलाने वाले व्यक्ति पर सख्त कारवाई की मांग की है।

# सेमरिया में माफिया का रेत का स्टॉक पकड़ा

### अवैध रेत भंडारण पर खनिज विभाग ने की कार्रवाई, 2 लाख होगा जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

आमला क्षेत्र के ग्राम जम्बाड़ा छेत्र के आसपास आने वाले ग्राम सेमरिया मे अवैध रूप से रेत का भण्डारण पर खनिज विभाग द्वारा रेत के अवैध भंडारण पर कार्यवाही करते हुए खनीज माफिया पर लाखों का जुर्माना किया गया है। गुरुवार को खनिज विभाग के अधिकारियों टीम ग्राम सोंतलाई एवं कोंडरखापा पहुंची और खनिज माफिया तिलक सिसोदिया के अवैध भंडारण का निरीक्षण किया तो ग्राम सोंनतलाई मे अपने रिस्तेदार साबु कुशवाह के खेत पर रखी हुई 50 ट्रॉली अवैध उतखनन कर निकाली गई रेत 7 और 8 मई की दरम्यानी रात हटाली गई, जिसके बाद हटाई गई रेत के स्थान पर गन्ने का कचरा डाल गया था। जिसके बाद अधिकारियो द्वारा मोके पर पंचनामे की कार्यवाही कर खनिज माफिया के घर ग्राम सेमरिया खुर्द पहुंचकर रेत का अवैध भंडारण पकड़ा गया जहा लगभग 52 घणमीटर रेत का अवैध भंडारण पाया गया खनिज निरीक्षक भगवत नगवंसी द्वारा अवैध रेत भंडारण के संबंध में साधारण रेत (उत्खन्न एवं व्यवसाय) भण्डारण नियम 2009 एवं गौण खनिज नियम 2015 के तहत लगभग 2 लाख की राशि की जुर्माने की नियमानुसार कार्रवाई की गई है।

### पटवारी की मिलीभगत अवैध रेत का कारोबार

ब्लाक के ग्राम जम्बाड़ा छेत्र के आस-पास सोनतलाई हल्के में अवैध रेत का कारोबार जम से हो रहा है। खनिज माफिया सातीर तिलक सिसोदिया को जैसी भनक लगी लगभग 60 ट्राली रेत का भंडारण किया था उसे रातम रात मे जहा तहा खुद के तीन टैक्टर और तीन किराया से लाकर रेत गायप कर दि और जगह जगह अवैध रेत के डंप यह साबित करते है कि अवैध रेत का कारोबार बिना रोकटोक के किया जा रहा है। लोगो का मानना है कि हल्के के पटवारी की मिलीभगत से ही अवैध रेत का कारोबार किया जा रहा है। जबकि राजस्व क्षेत्र में अवैध खनन के लिए पटवारी भी जिम्मेदार होता है। लेकिन यहां तो सब खुलेआम ही किया जा रहा है। जगह जगह रेत के डंप से ट्रेक्टर ट्रालियों से रेत का परिवहन किया जा रहा है। लोगो का कहना है कि जम्बाड़ा छेत्र के आस-पास ट्रालियों से रेत का परिवन हो रहा है। नदियों को छल्ली किया जा रहा है। ऐसे में राजस्व विभाग की कार्यप्रणाली पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। आमजनो की षिकायत के बाद खनिज विभाग ने कारवाई की है। बताया जा रहा है कि पटवारी की मिलीभगत से अवैध रेत का कारोबार किया जा रहा था।

### सेहत हो सकती है खराब, विभाग नहीं दे रहा ध्यान

# केमिकल्स से फलों को पकाकर धड़ल्ले से बेच रहे विक्रेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

शहर में जो फल बिक रहे हैं, इसकी गारंटी नहीं है वे नेचुरूल रूप से पके हैं या फिर रसायन से। इसकी जांच जरूरी है, लेकिन स्वास्थ्य एवं औषधि विभाग जांच के प्रति गंभीर नहीं है। रसायन के प्रयोग का चलन अब खेती के अलावा कच्चे फलों को समय से पहले पकाने और स्वादिष्ट बनाने में भी होने लगा है। लोग बिना जानकारी बाजार से रोजाना फल खरीद कर स्वाद तो चख रहे हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि उसे पकाने और रसीला बनाने के लिए कितने प्रकार के रसायनों का प्रयोग हो रहा और इससे उन्हें क्या नुकसान हो सकता है। फल पकाने लिए सबसे ज्यादा कार्बाइड का प्रयोग शहर में किया जाता है, जिसके सेवन से मानव शरीर पर बुरा प्रभाव पड़ता है। फलों की दुकानों में खासतौर से आम, पपीता, केले सहित अन्य फलों को



केमिकल्स से पकाकर विक्रय किया जा रहा है, जो लोगों की सेहत को प्रभावित कर सकते है। उन्होंने केमिकल्स से फल पकाने वाले विक्रेताओं पर कार्वाही किये जाने की मांग की है।

### जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान

शहर में फलों की जांच को लेकर जिम्मेदार स्वास्थ्य एवं औषधि विभाग भी गंभीर नहीं है। केला, पपीता और वर्तमान में आम ज्यादातर कार्बाइड से ही पकाया जा रहा है। ऐसे में इसकी जांच होना बेहद जरूरी है। चिकित्सकों ने बताया कि कार्बाइड की अधिकता से कैंसर जैसी बीमारी होने की संभावना बढ़ जाती है। गले पर इसका जल्द असर होता है।

### इनका कहना है

कार्बाइड से जो फल पकाये जा रहे है, उन फलों को खाने से परहेज करना चाहिए। इससे कई प्रकार की बीमारियां और गंभीर रोग हो सकते है।

**- डॉ. स्वाति बरखड़े,** बीएमओ, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भैंसदेही

### कार्रवाई की जाएगी

चुनाव की वजह से अभी जांच नही कर पाए थे। जल्द ही जांच टीम बनाकर जांच और कार्रवाई की जाएगी।

**- मीना कुमरे,** निरीक्षक फूड विभाग बैतूल

# मकान में लगी आग, सामान खाक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भैंसदेही

एक मकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें मकान में रखा सामान जलकर खाक हो गया। घटना की शिकायत पीड़ित ने भैंसदेही थाने में दर्ज कराई है। पीड़ित नत्थु पिता रिन्दा भलावी निवासी सिहार ने बताया कि शुक्रवार सुबह वह गांव के कुंए पर पानी लाने के लिए गया था। वापस लौटकर देखा तो खेत के मकान से आग कल लपटे उठ रही थी। आग की लपटो को देखकर मैने हल्ला मचाया। आसपास के लोगों ने आकर आग को बुझाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक मकान में रखा 5 क्विंटल गेहूं, 1 क्विंटल तुअर, 1 क्विंटल चना, 50 किलो तुअर दाल, 50 किलो चना दाल, 50 किलो मसूर दाल, 50 किलो सरसो, 5 जोड़ी कपड़े, 2 बोरी डीएपी, 5 बोरी यूरिया, पानी की मोटर, केबल व पेटी में रखे सामान, लायसेस,



45 हजार रूपये नगद, 1 मंगलसूत्र, 1 जोड़ी चांदी की पायल सहित अन्य सामान जलकर खाक हो गया। इस घटना में पीड़ित को लगभग 70 हजार से अधिक का नुकसान हुआ है। पीड़ित का कहना है कि आग कैसे लगी इसकी जानकारी उन्हें भी नहीं है।

### सनातन ब्राह्मण समाज ने भगवान परशुराम का अभिषेक किया

# परशुराम चौक पर लगाया 107 किलो का फरसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

जय दादा परशुराम के उद्घोष के साथ परशुराम चौक पर बैतूल सनातन ब्राह्मण समाज समिति ने 107 किलो वजन के फरते को स्थापित किया। सनातन धर्म के साथ ब्राह्मण शक्ति और एकता का प्रतीक 107 किलो वजन का स्टील का चमचमाता फरसा भगवान परशुराम की शक्ति और जनकल्याण के लिए किए गए उनके योगदानों को याद दिलाता रहेगा। इस स्टील के फरसे की कुल ऊंचाई 30 फीट है। इसे सीमेंट कांक्रीट के स्ट्रकर पर लगाया गया है। इस फरसे को बनाने में 107 किलो स्टील का उपयोग किया गया है। जो कि परशुराम चौक की शोभा बढ़ाने के साथ भगवान परशुराम के योगदानों को याद दिलाता रहेगा। में 64 राजवंशों का सफाया किया भगवान परशुराम के 21 अभियानों था। वे शिव के अनन्य भक्त थे। एक बार तो उन्होंने भगवान शिव से मिलने से रोकने पर भगवान गणेश पर फरसे से प्रहार किया था, जिससे उनका एक दांत कट गया था और वे एकदंत




कहलाए।आज अक्षय तृतीया पर मंदिर में होगा अभिषेक और भोजन प्रसादी शुक्रवार को अक्षय तृतीया और भगवान परशुराम जन्मोत्सव मनाया गया। बैतूल सनातन ब्राह्मण समाज की ओर से सुबह 8. बजे से भगवान परशुराम जी का अभिषेक और हवन पूजन का आयोजन किया गया। इन अनुष्ठानों के बाद में 12 बजे से 4 बजे तक भोजन प्रसादी वितरण किया गया।

### भगवान श्री विष्णु के छटे अवतार माने जाते हैं परशुराम

*भार्गव सभा बैतूल द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ सदस्य निधीष भार्गव के निवास पर जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें भगवान परशुराम का विधि-विधान से पूजन कर आरती की गई। समाज के अध्यक्ष दीपक भार्गव ने बताया कि अक्षय तृतीया के दिन वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया पर भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम ने जन्म लिया था। जन्म के समय इनका नाम राम रखा गया था। कुछ समय बाद जब राम को महादेव ने परशु नामक शस्त्र दिया, तो राम जी को परशुराम कहा जाने लगा। इसका अर्थ यह है कि परशुराम जी के जन्म पर परशुराम जयंती मनाई जाती है। समाज के सचिव सुधीर भार्गव ने बताया कि भगवान परशुराम भार्गव वंश में जन्मे भगवान विष्णु के छठे अवतार माने जाते हैं। उनका जन्म त्रेतायुग में हुआ था। पौराणिक मान्यता है कि अक्षय तृतीया के दिन भगवान परशुराम का जन्म हुआ था, इसलिए उनकी शक्तियां अक्षत मानी जाती है। महादेव ने राम को परशु जिसे फरसा या कुल्हाड़ी भी कहते हैं, भेंट की थी। परशु मिलने के बाद उनका नाम परशुराम पड़ गया, अर्थात परशु रखने वाला राम। तभी से उन्हें परशुराम कहा जाने लगा। माना जाता है कि पृथ्वी पर साधु-संतो और ऋषि-मुनियों की रक्षा के लिए भगवान विष्णु ने परशुराम के रूप में जन्म लिया था। इसके पश्चात प्रसादी वितरण कर उपस्थित सदस्यों को स्वल्पाहार कराया गया। आयोजन में मुख्य रूप से शैलेन्द्र, दीपक, गोपाल, बाबू, मनोज, राजेश, मयूर, शुभम, श्रीमति लता, दीप्ति, कविता, मीरा, अर्चना, श्वेता, स्वाति, रजनी, अंजू, शिखा एवं हर्षिता भार्गव उपस्थित रहे।*

### शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था में प्रवेश प्रारंभ




**बैतूल।** शासकीय एकलव्य महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बैतूल मे संचालित 08 ट्रेडो मे प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है। इस संस्था मे संचालित इलेक्ट्रीशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, और आईसीटीएसएम दो वर्षीय पाठ्यक्रम है। इसी प्रकार स्वींइग टेक्नोलॉजी, फ्लोरीकल्चर एण्ड लेण्ड स्केपिंग, स्टेनो अंग्रेजी, स्टेनो हिन्दी एवं कोपा, एक वर्षीय पाठ्यक्रम है। संस्था के प्रवेश प्रभारी दिलीप कुमार सोनी ने यह बताया कि विगत वर्ष से प्रवेश प्रक्रिया डीएसडी पोर्टल के माध्यम से हो रही है। नए सत्र के लिये आवेदक वेबसाइट पर पर पंजीयन, 20 मई तक करा सकते है। इन व्यवसायो मे से स्वींइंग टेक्नोलॉजी हेतु योग्यता आठवीं उत्तीर्ण है। शेष सभी सात पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। अंग्रेजी माध्यम के छात्राओ के लिये स्टेनो अंग्रेजी ट्रेड एक रोजगार परक अवसर है। संस्था प्राचार्य रेवाशंकर पंडाग्रे ने बताया कि यह संस्था प्रदेश शासन की एकलव्य योजना में संचालित है जिसमें 50 प्रतिशत सीटे अनुसुचित जनजाति वर्ग की महिलाओ के लिये आरक्षित है, एवं इस वर्ग की छात्राओ को 1 हजार रूपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति एवं भोजन सहित छात्रावास की सुविधा भी है। कौशल विकास विभाग द्वारा महिला आईटीआई बैतूल को ग्रीन आईटीआई के रूप मे विकसित किया जा रहा है।

### 85 एकड़ के शासकीय उद्यान मटकुली पहुंची जिला प्रशासन की मुखिया

# कलेक्टर ने गूजरवाड़ा और डोकरी खेड़ा रेशम प्रक्षेत्र का किया निरीक्षण

**कलेक्टर सोनिया मीना ने शुक्रवार को रेशम केंद्र प्रक्षेत्र गूजरवाडा एवं डोकरी खेड़ा का भ्रमण किया। रेशम कार्य से आजीविका उपार्जन करने वाली लखपति महिलाओं एवं दीदियो से चर्चा की। वही शासकीय उद्यान मटकुली पहुंचकर उद्यान का भ्रमण कर उद्यान में लगे विभिन्न किस्म के आम, नींबू, अमरूद, कटहल और अन्य पौधों की वैरायटी को देखा।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

कलेक्टर ने सबसे पहले माखननगर के गुजरवाड़ा रेशम प्रक्षेत्र पहुंचकर रेशम पालन कर आजीविका उपार्जन करने वाली महिलाओं से चर्चा की। महिलाओं ने बताया कि एक महिला को एक एकड़ की भूमि पर रेशम के बगीचे उपभोग अधिकार के तहत दिए गए हैं। सभी महिला एक-एक एकड़ में रेशम के कीड़ों का पालन कर एवं रेशम का उत्पादन कर रही है सभी महिलाएं सालाना डेढ़ से 2 लाख रुपए कमा रही है और अपने परिवार का पालन पोषण कर आत्मनिर्भर हो रही है।

कलेक्टर को रेशम कार्य में संलग्न लखपति महिलाओं ने बताया कि 2010 से वे यहां पर कार्य कर रही है और हर साल एक एकड़ पर रेशम के कीड़ों का पालन कर आजीविका कमा रही हैं, उन्हें इस कार्य के लिए रेशम विभाग द्वारा प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया है। बताया गया कि रेशम के व्यवसाय से लखपति बनी महिलाओं को औरंगाबाद एवं पुणे के रेशम केंद्र का भी भ्रमण कराया गया है। बताया गया कि रेशम क्षेत्र 60 एकड़ में फैला हुआ है और यहां 40 महिलाएं कार्यरत हैं और इसी से भी अपनी आजीविका चला रही है। महिलाओं ने बताया कि रेशम के पौधों में गोबर खाद ही डाला जा रहा है। परिवार के सभी लोग रेशम पालन में संलग्न है। महिलाओं ने बताया कि गुजरवाडा में टसर और मलबेरी ककून तैयार किया जाता है।

जिला रेशम अधिकारी रविंद्र सिंह ने बताया कि जल्द ही रेशम केंद्र में सोलर प्लांट लगाने प्रस्ताव तैयार गया है। कलेक्टर ने महिलाओं से चर्चा करते हुए कहां की सरकार ने आप सब लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किया है, रेशम प्रक्षेत्र बनाया है। आप सभी की मेहनत से आज जिले के रेशम की देश-विदेश में पहचान है। बताया गया कि रेशम की बिक्री के लिए मध्य प्रदेश सिल्क फेडरेशन द्वारा मार्केटिंग की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है। मध्य प्रदेश सिल्क फेडरेशन स्वयं यहां से रेशम का माल उठाता है। बैकवर्ड और फॉरवर्ड लिंकेज द्वारा सुविधा उपलब्ध कराई गई है। महिलाओं को पौधे, अंडे, बिजली, सिंचाई उपकरण एवं पानी उपलब्ध कराए जाते हैं और रेशम बनाने के बाद उनसे रेशम खरीदा भी जाता है। हर महिला आज यहां आत्मनिर्भर है और अपने परिवार का खर्च स्वयं चलाती हैं। कलेक्टर ने गुजर वाडा के कृमि पालन ग्रह का अवलोकन किया।

सर्वाइवल के हिसाब से 50 प्रतिशत तक कृमिपालन सफल रहता है। 1 एकड़ में 1 क्विंटल 20 किलो तक का ककून निकलता है। 400 से 463 रुपए किलो के हिसाब से ककून का विक्रय किया जाता है। कलेक्टर ने तत्पश्चात पिपरिया के डोकरी खेड़ा रेशम केंद्र प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। डोगरी खेड़ा में टसर का ककून को संधारित किया जाता है। अगली फसल के अंडे के लिए संधारित किया जाता है। रेशम कृमियों को भंडारित किया जाता है। बारिश में उस ककून से तितली बाहर आती है फिर फीमेल अंडा देती है। बताया गया कि यहां भी महिला श्रमिक उक्त कार्य कर रही है। 8 हेक्टेयर में फैले हुए रेशम प्रक्षेत्र में एक महिला को एक हेक्टेयर के हिसाब से अर्जुन के पौधों वाले भूमि दी गई है। अर्जुन के पौधों पर कीड़ों को चढ़ाया जाता हैऔर इससे रेशम का उत्पादन होता है। जिला रेशम अधिकारी ने बताया कि जिले में चार तरह के रेशम का उत्पादन हो रहा है। मलबरी रेशम, ईरी रेशम, टसर रेशम और मोगा रेशम जिसे गोल्डन सिल्क कहते हैं। बताया गया कि डोगरी खेड़ा के अलावा पाठई एवं खारी में भी टसर रेशम का उत्पादन किया जा रहा है। कलेक्टर ने कृषकों का एफपीओ बनाने और मटकुली स्थित 20 एकड़ रेशम विभाग की ज़मीन को पुनर्जीवित करने के निर्देश जिला रेशम अधिकारी को दिये। कलेक्टर ने शासकीय उद्यान मटकुली का भी भ्रमण किया। बताया गया कि शासकीय उद्यान मटकुली मध्य प्रदेश का सबसे बड़ा शासकीय उद्यान है जो 85 एकड़ में फैला हुआ है। शासकीय उद्यान में 30 से 40 प्रकार की आमों की विभिन्न वैरायटी मौजूद है। साथ ही नींबू एवं अमरूद का भी उत्पादन हो रहा है। बताया गया कि सालाना 1 लाख आम के पौधे यहां की नर्सरी में तैयार किए जाते हैं। मटकुली में उद्यान की विभाग का ट्रेनिंग सेंटर भी है, जहां पर प्रदेश के उद्यान विभाग के कर्मचारी एवं मालियों की ट्रेनिंग साल भर चलाते रहती है। बताया गया कि इस वर्ष 40 लाख में नींबू एवं आम के बगीचों की नीलामी हुई है। यहां पर आम के किस्म किस्म के पौधे तैयार कर रेवेन्यू प्राप्त किया जा रहा है। बताया गया कि बॉम्बे ग्रीन, दशहरी, केसर, चौसर स्थानीय आम पायरी, हापुस, लंगड़ा आम आदि के भी पौधे यहां पर तैयार किया जा रहे हैं। उद्यान में 2200 बड़े आम के पौधे हैं। किसान आम और अमरूद के पौधे यही से क्रय करते हैं।

कलेक्टर ने आम के पौधों की बिक्री के संबंध में जानकारी ली तो बताया गया की इस वर्ष 20 हजार पौधों की बिक्री हुई है। नींबू के 11000 पौधों की बिक्री अभी तक हुई है। बताया गया कि यहां पर फूलों की खेती की ओर ज्यादा रुझान नहीं है, साथ ही डोलरिया में मिर्च एवं सब्जी तथा सिवनी मालवा में गोभी के लिए उन्नत भूमि मौजूद है इसलिए यहां पर इन चीजों की खेती की जाती है। मेडिसिन प्लांट का प्रोडक्शन नहीं है लेकिन टर्मरिक का प्रोडक्शन है। कलेक्टर ने नर्सरी का निरीक्षणऔर आम के पौधों की वैरायटी का अवलोकन किया।

# महादेव एप ऑनलाइन सट्टा मामले की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी



महादेव एप ऑनलाइन सट्टा केस में ईओडब्ल्यू की टीम को बड़ी सफलता मिली है। ऑनलाइन सट्टा चलाने में शामिल दुर्ग जिले का बर्खास्त और फरार आरक्षक अर्जुन यादव को ईओडब्ल्यू की टीम ने मध्य प्रदेश के पचमढ़ी में धर दबोचा है। अब ईओडब्ल्यू की टीम महादेव ऐप को लेकर अर्जुन यादव से पूछताछ में जुटी है। सूत्रों के हवाले से ऐसी सूचना है कि अर्जुन यादव पचमढ़ी में अपने परिवार के साथ समय बिता रहा था अर्जुन यादव के पास से एक फॉर्च्यूनर कार भी बरामद हुई है। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले का बर्खास्त और फरार आरक्षक अर्जुन यादव को ईओडब्ल्यू की टीम ने मप्र के पचमढ़ी में पकड़ा है। ईओडब्ल्यू की टीम उसे हिरासत में लेकर रायपुर दफ्तर लाया है। बर्खास्त आरक्षक अर्जुन यादव पर महादेव एप ऑनलाइन सट्टा केस में संलिप्तता का आरोप है।

## फरार आरक्षक अर्जुन यादव को पकड़ा

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच से बचने के लिए बर्खास्त आरक्षक अर्जुन यादव फरार हो गया था। ईडी की नोटिस के बाद भी वह पूछताछ में शामिल नहीं हुआ। महादेव ऐप घोटाले केस में उसका छोटा भाई बर्खास्त आरक्षक भीम सिंह यादव जेल में है। अब महादेव ऐप सट्टा घोटाले की जांच ईओडब्ल्यू कर रही है। इसलिए ईओडब्ल्यू की टीम ने फरार आरक्षक अर्जुन यादव की तलाश में थी। इस मामले में शहर पुलिस को कोई सूचना नहीं - ईओडब्ल्यू ने अपनी ऑफिशल वेबसाइट पर प्रेस विज्ञप्ति में सूचना जाहिर की है कि अर्जुन यादव को मध्य प्रदेश के पचमढ़ी से धर दबोचा गया है। हालांकि इस मामले में पचमढ़ी थाने के पास कोई भी सूचना नहीं है।

## विप्रजनों ने मनाई भगवान परशुराम जी की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिपरिया

प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 10 में 2024 को अक्षय तृतीया के पावन पर पर ब्राह्मण समाज के आराध्य विष्णु भगवान के छठवें अवतार भगवान परशुराम का अवतरण दिवस ब्राह्मण समाज के द्वारा मनाया गया। सुबह प्रातः पुराना गल्ला मंडी हनुमान मंदिर में ब्राह्मण समाज के लोगों के द्वारा महिला पुरुषों सहित सैकड़ो की उपस्थिति में भगवान परशुराम का पूजन अर्चन किया गया। पश्चात शाम 5 बजे ग्राम पंचायत हथवांस से भगवान परशुराम की विशाल झांकी तैयार की गई जिसमें भगवान परशुराम की सभी को सजाया गया तथा अन्य वाहनों में भजन की संगीत घोड़े पर सवार भगवा ध्वज के साथ तमाम हजारों की संख्या में ब्राह्मण परिवार युवक की महिला परिषद युवा परिषद के तमाम लोग शामिल हुए जिसका जगह-जगह स्वागत किया गया शोभापुर रोड पर विधायक अर्जुन लाल पलिया के द्वारा ब्राह्मण समाज के आराध्य भगवान परशुराम के साथ सभी ब्राह्मण जनों का स्वागत सम्मान किया गया मंगलवार चौराहे पर दुर्गा धार्मिक मंदिर न्यास नगर पालिका परिषद एवं राजा पलिया के द्वारा भी शोभायात्रा का स्वागत सम्मान कर के पदार्थ उपलब्ध कराया गया वहीं पर सिख समुदाय एवं तमाम समाज सेवी संगठनों के द्वारा जगह स्वागत सेवा का सम्मान करते हुए भगवान परशुराम का पूजा किया गया।

# विप्र समाज ने आराध्यदेव परशुराम भगवान की जयंती मनाई

### सदस्यों ने की भगवान की विधि-विधान से पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शोभापुर



ब्राह्मण सभा , शोभापुर द्वारा भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव पर उनकी जयंती मनाई गई । भगवान परशुराम जी की जयंती हनुमान मंदिर में मनाई गई । उक्त अवसर पर परशुराम के चित्र के सामने ग्राम के सर्व विप्र जनों ने विधि विधान से पूजा अर्चना की । पूजन अर्चना के बाद सामाजिक बंधुओ ने समाज के उत्थान पर चर्चा कर समाज हित में निर्णय लेने का संकल्प लिया । भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालते समाज के वरिष्ठों ने अपने वक्तव्य में सामाजिक एकता पर जोर देने की बात कही । विप्र समाज शोभापुर के अध्यक्ष शरद दुबे व अन्य पदाधिकारीयो द्वारा कार्यक्रम में पधारे विप्र बंधुओ का आभार व्यक्त किया गया ।

# ढाई साल के नन्हे वेद के जवाबों को सुनकर हैरत हुए शिक्षक

### समर कैंप में पचमढ़ी के नन्हे बालक ने लिया हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पचमढ़ी



सीएम राइज़ विद्यालय में चल रहे समर कैंप में अद्भुत प्रतिभा के धनी वेद पगारे आए। वेद की प्रतिभा अद्भुत है, कहावत है कि प्रतिभा किसी उम्र की मोहताज नहीं होती इसी कहावत को पचमढ़ी में रहने वाले ढाई साल के वेद ने सच कर दिखाया वेद ने अभी स्कूल जाना भी शुरू नहीं किया है लेकिन उसका ज्ञान इतना है कि सुनने और देखने वाले हैरान रह जाते हैं। वेद अपने देश के राज्य और राजधानियां ही नहीं बल्कि विदेश के राज्य और राजधानियों के नाम भी जानता है उसे लगभग 350 किताबों के नाम व उनके लेखकों के नाम याद है। देश के प्रधानमंत्री राष्ट्रपति जैसे कई सवालों के जवाब उन्हें याद है। वेद के पिता सुनील पगारे, मां कविता पगारे अपने बेटे के लिए ऐसा प्लेटफॉर्म चाहते हैं जिससे इसे उच्च शिक्षा दिला सके। प्राचार्य द्वारा वेद से पूछने पर आप बड़े होकर क्या बनोगे? वेद का जवाब था कलेक्टर। स्कूल स्टाफ वह बच्चों ने करतल ध्वनि के साथ प्रोत्साहित किया संस्था प्राचार्य मनीष गुप्ता रूपनारायण श्रीवास ,ज्योति यादव एवं संस्था के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं द्वारा वेद के उज्जवल भविष्य की कामना व शुभकामनाएं दी की वह भविष्य में अवश्य ही कलेक्टर बनेगा।

# प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को मिल रही हैं खेल की बारीकियां

### संत रावतपुरा सरकार हायर सेकेण्डरी स्कूल में शुरू हुआ समर कैंप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनखेड़ी



संत रावतपुरा सरकार हायर सेकंडरी स्कूल बनखेड़ी के खेल मैदान पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का शुक्रवार को शुभारंभ हुआ। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ब्लॉक खेल समन्वयक देवेंद्र उरहा ने बताया की कलेक्टर,पुलिस अधीक्षक,जिला मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में 10 मई से 10 जून तक निशुल्क खेल प्रशिक्षण शिविर लगाए जाने हैं। जिसमें बनखेड़ी के संत रावतपुरा सरकार स्कूल में खो-खो, कबड्डी एवं एथलेटिक्स खेलों का प्रशिक्षण दिया जाएगा खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां सिखाई जाएंगी ताकि वह अपने खेल में दक्षता प्रदान कर सकें खिलाड़ी भी बड़े उत्साह से समर कैंप में भाग ले रहे हैं प्रशिक्षक नीरज बाथरे संत रावतपुरा सरकार, नीरज बाथरे, विकासखंड खेल प्रभारी कलीराम अहिरवार ,विकासखंड खेल समन्वयक देवेंद्र उरहा द्वारा खिलाड़ियों को खेल की बारीकियां सीखई जा रहीं हैं बनखेड़ी विकासखंड के सभी खिलाड़ी निशुल्क समर कैंप में हिस्सा ले सकते हैं खिलाड़ियों के रजिस्ट्रेशन प्रशिक्षण के दौरान एक सप्ताह की अवधि में किया जाएगा।

# डीपी में खुले तार दे रहे दुर्घटना को आमंत्रण



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सेमरीहरचंद

नगर विद्युत विद्युत मंडल सब स्टेशन के पीछे अंबेडकर वार्ड में डीपी से निकले खुले तार दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं आश्चर्यजनक बात यह है कि अंबेडकर वार्ड की इस डीपी के ऊपर से 11 केवी एवं 33 केवी लाइन गुजर रही है। वही डीपी से खुले तार एवं आगे सड़क से कम ऊंचाई पर झूलते तार किसी बड़ी दुर्घटना के लिए काफी है यह स्थिति नगर में अनेक स्थानों पर है लव कुश मंदिर के पास डीपी क्षतिग्रस्त खंबो पर टिकी हुई है एवं विद्युत मंडल के सामने झालौंन रोड पर 11 केवी लाइन के खंभे भी क्षतिग्रस्त हैं। एक और जहां मौसम विभाग की चेतावनी के अनुसार लगातार तेज हवाओं एवं आंधी तूफान का अंदेशा बना रहता है। वहीं दूसरी ओर डीपी के खुले तार सड़क से कम ऊंचाई पर झूल रहे हैं ग्राम वासियों की अपेक्षा है कि इन दुर्घटनाग्रस्त स्थानो पर विद्युत विभाग ध्यान देकर सुधार कार्य करें। इस विषय पर मध्य प्रदेश विद्युत मंडल सेमरी हरचंद के कनिष्ठ अभियंता रवि शंकर धुर्वे से बात करने पर उन्होंने बताया कि बहुत जल्द दुर्घटनाग्रस्त डीपी एवं अन्य स्थानों पर रिनोवेशन किया जाएगा।

## पेयजल शिकायतों के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**सीहोर।** आगामी ग्रीष्म काल को दृष्टिगत रखते हुए पेयजल संबंधी शिकायतों के निराकरण तथा सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किए गए है। खंड सीहोर के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी फिटर ग्रेड -3 मेहबूब खान (मोबाईल नंबर 8305819150) , उपखंड सीहोर के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी हैण्डपम्प तकनीशियन गणेश सोनी (मोबाईल नम्बर- 9425682161 ) , उपखण्ड भैरून्दा के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी सहायक ग्रेड-03 सचिन ठाकुर (मोबाईल नम्बर- 8959607853) , उपखंड आष्टा के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी ₹सहायक ग्रेड -03 एस. से तिवारी (मोबाईल नम्बर 9893544755 ), बुधनी के लिए कंट्रोल रूम प्रभारी स्टोर क्लर्क राजकुमारी सोलंकी (मोबाईल नंबर 9489803741) को

## एग्जिट पोल एवं परिणाम का प्रकाशन या प्रचार एक जून तक प्रतिबंधित

सीहोर। लोकसभा निर्वाचन 2024 की आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के दौरान 19 अप्रैल की सुबह 7 बजे से एक जून की शाम 6:30 बजे तक निर्वाचन के संबंध में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में इसके परिणाम का प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से इसका प्रचार-प्रसार करने पर पूर्णतः प्रतिबंध रहेगा। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 28 मार्च 2024 को इस आशय की अधिसूचना जारी कर दी गई है।

## पेड न्यूज के संबंध में सजग एवं सतर्क रहने के निर्देश

**सीहोर।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन प्रक्रिया में केबल आपरेटरों को पेड न्यूज के संबंध में सजग और सतर्क रहने कहा है। कोई ऐसी न्यूज जो राजनैतिक दल विशेष को लाभ पहुंचाए जाने के उद्देश्य से इलेक्ट्रानिक मीडिया में दिखाई जाती है पेड न्यूज की श्रेणी में आएगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला एवं राज्य स्तर पर मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। यह समिति 24 घंटे इलेक्ट्रानिक मीडिया के प्रसारण पर नजर रख रही है। केबल आपरेटरों से कहा गया है कि वे आयोग के निर्देशों का आवश्यक रूप से पालन करें। केबल आपरेटर द्वारा जिस सामग्री का प्रसारण किया जाता है उसके

### सड़क के दोनों तरफ वाहन खड़े होने से निकलने तक की जगह नहीं बच पाती

# पार्किंग जोन की समस्या से जूझ रहा शहर, चालक परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर



शहर की सबसे बड़ी समस्या वाहनों के पार्किंग की है। हालत यह है कि पूरे बाजार की सड़कों के दोनों तरफ दोपहिया और चारपहिया वाहन खड़े होने पर यहां से निकलने तक की जगह नहीं बच पाती है। इस समस्या से शहर सालों से जूझ रहा है। इसके बाद भी अभी तक नपा इस समस्या का समाधान नहीं कर सकी है। आलम यह है कि सड़कों की साइडों पर वाहन पार्किंग होने से बार-बार जाम की समस्या बनती है।

शहर में ग्रामीण क्षेत्रों से बढ़ी संख्या में लोग आते हैं। इसके अलावा शहर में लगातार जनसंख्या वृद्धि हो रही है। लेकिन नपा ने अभी तक शहर में पार्किंग की समस्या को कोई स्थााई समाधान नहीं खोजा है। शहर के मुख्य बाजार की सड़कों पर हर रोज 10 से 15 हजार वाहन आते हैं। जो सड़कों पर ही खड़े हो रहे हैं। इससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है साथ ही दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है। यदि इस समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया गया, तो आने वाले समय में यह समस्या और बढ़ जाएगी। बीते दशकों में शहर का फैलाव तो हुआ लेकिन वाहन पार्किंग के लिए और स्थाई समाधान नहीं हो हो सका है। लोगों को यह समझ नहीं आता है कि आखिर वे वाहनों को कहां खड़ा करें।

## इन स्थानों पर पार्किंग की समस्या

गांधी रोड गांधी रोड की हालत यह है कि यहां पर सुबह से रात तक भीड़ ही रहती है। यहां पर कपड़े के अलावा चूड़ी और महिला सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों की संख्या अधिक है। इसलिए महिलाओं की भीड़ इस बाजार में देखने को मिलती है। इसके अलावा सराफा बाजार में में सोने और चांदी की दुकानें हैं जिस कारण से यहां पर भी त्योहारी सीजन में काफी भीड़ हुआ करती है। वैसे तो हर रोज ही यहां पर भीड़ रहती है। लेकिन खासकर त्योहारी सीजन में समस्या बढ़ जाती है।

# हवा, आंधी चलने से टूटकर पेड़ से गिर रहे कच्चे आम



**सीहोर।** जिला की ग्राम बामुलिया में पिछले दो दिनों से हो रही आंधी तूफान और बारिश से आम की फसल को काफी नुकसान पहुंच रहा है। फलों का राजा आम गर्मियों के समय में सभी लोगों का प्रिय फल होता है और इसे बेचकर किसान अच्छा खासा मुनाफा कमा सकते थे, लेकिन तेज हवाओं के कारण कच्चे आम पेड़ों से टूटकर नीचे गिर रहे हैं जिसके कारण आम की फगांव के किसान घनश्याम पटेल, विक्रम व एलम परमार से बात की तो उन्होंने बताया कि बाजार में कच्चे आम की कीमत इस समय 30-35 रुपए प्रति किलो है, जो की बहुत कम है इसलिए कच्चे आमों को काटकर उन्हें धूप में सुखाने के बाद बेचेंगे, तो अच्छा भाव मिलेगा। इस बार आम की फसल अच्छी होती हुई नजर आ रही थी।

## खबर संक्षेप

### आज शहर में होगा भाजपा का महाजनसंपर्क

**खंडवा।** भारतीय जनता पार्टी खंडवा लोकसभा के प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल के के समर्थन एवं उन्हें विजय श्री दिलाने के लिए पार्टी के पदाधिकारी जनप्रतिनिधि एवं भाजपा के जांबाज का कार्यकर्ताओं के नेतृत्व में लोकसभा क्षेत्र के जिला मुख्यालय खंडवा में प्रचार प्रसार खत्म होने के आखिरी दिन शनिवार को महा जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया है। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि शनिवार को प्रातः 8:00 बजे जवाहरगंज बड़ा बम स्थित मंदिर के दर्शन कर महाजन संपर्क अभियान का शुभारंभ होगा। जनसंपर्क अभियान में सांसद एवं भाजपा प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल, जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, लोकसभा प्रभारी संयोजक हरीश कोटवाले, कल्याण अग्रवाल, महापौर अमृता अमर यादव विधायक कंचन मुकेश तनवे के साथ ही पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे।

### आज शाम 6 बजे से बंद हो जाएगा चुनाव प्रचार

**खंडवा।** लोकसभा निर्वाचन के चौथे चरण में मध्यप्रदेश के जिन 8 लोकसभा संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में सोमवार 13 मई को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान होना है, वहां पर 11 मई की शाम 6 बजे से चुनाव प्रचार बंद हो जायेगा। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया है कि संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में मतदान समाप्ति के लिये निर्धारित समय के 48 घण्टे पहले से चुनाव प्रचार बंद करने का प्रावधान है। गौरतलब है कि लोकसभा निर्वाचन के चौथे व मध्य प्रदेश के अंतिम चरण में 8 लोकसभा संसदीय क्षेत्रों देवास (अजा), उज्जैन (अजा), मंदसौर, रतलाम (अजजा), धार (अजजा), इंदौर, खरगौन (अजजा) एवं खंडवा में 13 मई को मतदान होना है।

### मक्का की चरी को खा रही इल्लियां, चिंता बढ़ी

**सीहोर।** जिला जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम बामुलिया में मौसम परिवर्तन की वजह से इल्लियों का प्रकोप देखने को मिल रहा है। किसान दिनेश ने बताया कि उन्होंने अपने पशुओं के लिए मक्का की चरी बोई है, लेकिन मौसम में बार-बार उतार चढ़ाव के कारण मक्का की चरी को इल्लियां खा रही है। किसानों ने बताया कि गर्मी के मौसम में पशुओं को हरा चारा खिलाने से दूध उत्पादन में वृद्धि और भूसे की भी बचत होती है, हरे चारे में बार-बार कीटनाशक का छिड़काव करना पड़ रहा है।

### नालियों की सफाई नहीं होने से बीमारियों के फैलने का खतरा बना

# अनदेखीः नालियों में कचरे के रहने से नहीं हो पा रही पानी की निकासी

*कचरे से पटी पड़ी इन नालियों की सफाई नहीं होने से यहां पर बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। यहां रहने वाले लोग नाले चोक होने की समस्या से जूझ रहे हैं तो कई जगह कूड़े के ढेर पड़े हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

शहर की कई कॉलोनियों के गंदे पानी की निकासी के लिए नालियां तो बना दीं, लेकिन समय पर सफाई नहीं होने से ये चोक हो रही हैं। कचरे से पटी पड़ी इन नालियों की सफाई नहीं होने से यहां पर बीमारियों के फैलने का खतरा बना रहता है। यहां रहने वाले लोग नाले चोक होने की समस्या से जूझ रहे हैं तो कई जगह कूड़े के ढेर पड़े हैं।

नगर की कई कॉलोनियों में साफ सफाई का बुरा हाल है। आलम यह है कि नपा क्षेत्र के कई कॉलोनियों में नालियों की सफाई लंबे समय से नहीं होने से लोग परेशान हैं। नगर की कनकपुरी, इंग्लिशपुरा, पलटन एरिया, जयंत कॉलोनी की अंदरूनी गलियों में नालियां गंदगी से भरी पड़ी हैं।

इसके साथ ही नालियों में कचरे के चलते पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। हालांकि नपा द्वारा कई जगह नालियों की सफाई की गई, लेकिन कचरा सड़क पर ही छोड़ दिया। वहीं अब यह गीला कचरा सूख चुका है और हवा चलने पर फैल रहा है। जिससे कम चौड़ी सड़क में वाहन चालकों को भी आवाजाही में परेशानी हो रही है। कॉलोनियों में कई जगह नालियां जाम होने के साथ ही कूड़े के ढेर पड़े हैं।

#### शहर से रोज निकलता है 45 से 55 टन कचरा

हर रोज शहर से 45 से 55 टन कचरा निकलता है। इस कचरे में जो गीला कचरा होता है उससे तो नगर पालिका खाद बना रही है, लेकिन जो सूखा कचरा है उसका मेटेरियल रिकवरी फैसेलिटी यूनिट (एमआरएफ) (ए की मदद से निपटान किया है। कुछ कचरा ऐसा भी ना भी है जो



उ यह भी बड़ी समस्या है उठ ही नहीं जा रहा पाता है। है। पलटन एरिया निवासी जितेंद्र गौर ने बताया कि शिकायत के बावजूद यहां साफ सफाई नियमित तौर से नहीं होती। गर्मी में बीमारी फैलाने वाले मच्छर व गंदगी से फैलने वाली बीमारियों की चपेट में आने की आशंका। वहीं बदबू से आसपास के रहवासियों का बुरा हाल है।

#### बारिश के दौरान खाली पड़े प्लॉटों में पानी भरा

शहर की कई कॉलोनियों के खाली प्लाट कचरे से भरे पड़े हैं। उनमें झाड़ियां उगकर सूख चुकी हैं। अमूमन नपा द्वारा बारिश आने से पहले नालियों की सफाई की जाती है। मानसून आने में लगभग डेढ़ माह बचा है। लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी बारिश के दिनों में होती है। इससे लोगों को आवागमन में काफी दिक्कत होती है, क्योंकि बारिश का पानी नाली के गंदे पानी के साथ मिलकर सड़क में बहने लगता है। लोगों ने बताया कि बारिश के दौरान खाली पड़े प्लाटों में पानी भरा रहता है। इससे भी परेशानी होती है।

### पूजा अर्चना 3 घंटे तक चलती रही

# हवन, यज्ञ, पूजन कर धूमधाम से मनाई श्री परशुराम जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बुरहानपुर

ब्राम्हण समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। ब्राम्हणों की मौजूदगी में मंत्रोच्चार के साथ हवन पूजन कर पूर्णाहुति दी गई। इसके बाद प्रसादी वितरण किया गया। कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज के प्रवक्ता संजय दुबे ने बताया गणपति थाना स्थित परशुराम मांगलिक भवन में पूजा अर्चना शुरू हुई जो 3 घंटे चली। पंडित महेंद्र पांडे, आशीष शुक्ला व अन्य पुरोहितों ने हवन यज्ञ कराया। पूजा में राकेश तिवारी, डॉ आनंद दीक्षित, संजय दुबे सपत्नीक बैठे। अंत में परशुराम जी की आरती कर पूर्णाहुति दी गई।

#### खुद के परशुराम भवन में हुआ आयोजन

समाज अध्यक्ष शैलेन्द्र मिश्रा ने बताया कान्यकुब्ज ब्राम्हण समाज का खुद का 10 हजार वर्गफीट का मंगल भवन है। जिसमें पहली बार यह आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रफुल्ल तिवारी, वीरेंद्र मिश्रा, पिंटू तिवारी, उमेश तिवारी, राजेश मिश्रा, बबन तिवारी, मनोहर तिवारी, यगशरण द्विवेदी, बाबू तिवारी, रानू मिश्रा आदि मौजूद थे।

#### हाथी, घोड़ा, पालकी के साथ 18 मई को निकलेगी भव्य शोभायात्रा

सर्व ब्राम्हण समाज के अरुण शेंडे, गौरी शर्मा, सिद्धान्त व्यास ने बताया चुनावी आचार संहिता के कारण 18 मई को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें हाथी.घोड़े, पालकी, परशुराम जी की झांकी सहित डीजे शामिल होगा। ये शोभायात्रा लक्ष्मी विलास से निकलेगी। उसके बाद प्रसादी वितरण होगा।

# सारे काम छोड़ दो,सबसे पहले वोट दोहा, नारों का शोर कस्बे में गूंजा

### सहकारी बैंक और संस्थाओं ने निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झिरन्या

सहकारिता कर्मी और अधिकारियों के नारों सारे काम छोड़ दो,सबसे पहले वोट दो एवं लोकतंत्र की सुनो पुकार, वोट डालकर चुनो सरकार और तासों की गूंज ने ग्रामीणों को अपनी ओर आकर्षित किया। इन सभी के हाथों में कई स्लोगन की पट्टियाँ थी और वे वाहन रैली ने रूप में कस्बे की गली, मोहल्लों में मतदान के प्रति मतदाताओं को प्ररित कर रहे थे।

अवसर था, मतदाता जागरूकता रैली का,जिसमें जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के प्रबंधक देवराम राठौर के मार्गदर्शन में निकाली गई। इस आशय के निर्देश जिला निर्वाचन अधिकारी कर्मवीर शर्मा,उपायुक्त (सहकारिता) अम्बरीश वैद्ध और बैंक सीईओ पीएस धनवाल ने दिए थे। लोकतंत्र के इस



जागरूकता पर्व में निमाड़ मालवा ग्रामीण बैंककर्मी एवं अधिकारी शेख सुबद , बैंक गोराडिया के शाखा प्रबंधक अब्दुल वहाब सहित क्षेत्र की आदिम जाति सेवा सहकारी समितियों के प्रबंधक, सहकारी कर्मी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली के विक्रेतागण शामिल थे। इनमें सिकदार झिरन्या, चरणदास राठौड़ चिरीया, धर्मेंद्र सोलंकी आभापुरी, सीताराम पाटीदार चैनपुर, राधेश्याम आरसे, अजय शर्मा पाडल्या, महेंद्रसिंह गौड़ रतनपुर, अशोक पाटीदार मिटावल, मदनलाल यादव दैवित बुजुर्ग, मनोहर यादव शिवना आदि थे। रैली जनपद पंचायत परिसर से प्रारम्भ होकर कस्बे के प्रमुख मार्गों से निकाली गई। जिसके आगे आगे तासे की गूंज के साथ सहकारी कर्मी आम मतदाताओं को 13 मई को मतदान के लिए प्रेरित कर रहे थे। आभार इन्द्रजीत सिंह भाटिया ने व्यक्त किया।

### कांग्रेस की पूर्व प्रथम महापौर अणिमा उबेजा, मित्ती भैया राजू जैन भाजपा में शामिल

# कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओं का पार्टी से मोह भंग है : पूर्व मुख्यमंत्री चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

पूरे देश के साथ ही कई कांग्रेस के वरिष्ठ जनों का मोह कांग्रेस से भंग हो जाने के कारण वह सिद्धांत और विचारधारा वाली भाजपा पार्टी से अपने हाथ मिला रहे हैं, बिना स्वार्थ और बिना पद के कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि खंडवा संसदीय क्षेत्र में भी कई जमीनी कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा में लगातार शामिल हो रहे हैं कांग्रेस के पूर्व नगर अध्यक्ष इंदु पवार के शामिल होने के बाद कांग्रेस को दूसरे दिन फिर लगा बड़ा झटका। कांग्रेस के तीन बड़े नेता भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए।

खंडवा की प्रथम महापौर अणिमा उबेजा, उनके पति और चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष गुरमीत सिंह ऊबेजा और चेंबर ऑफ कॉमर्स के एक और पूर्व अध्यक्ष राजू चांदमल जैन ने बीजेपी ज्वाइन की। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुलदस्ता देकर भाजपा का अंग वस्त्र एवं मिठाई खिलाकर उनका भारतीय जनता पार्टी में स्वागत किया। एक दिन पहले ही पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष इंदल सिंह पवार ने भाजपा ज्वाइन की थी। कांग्रेस पार्टी को छोड़कर भारतीय जनता पार्टी में जाने का क्रम लगातार जारी है। पिछले महीने कांग्रेस पार्टी के छोटे- बड़े नेता पार्षद भाजपा में शामिल हो रहे थे अब पिछले दो दिन से कांग्रेस के बड़े नेता भी भाजपा में आ गए । शुक्रवार को




खंडवा कांग्रेस की बड़ी महिला नेता और पूर्व महापौर अणिमा उबेजा, उद्योगपति गुरमीत सिंह और राजू चांदमल जैन ने भाजपा ज्वाइन कर ली । गुरमीत सिंह और राजू जैन दोनों ही खंडवा चेंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष रह चुके हैं। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भाजपा में शामिल करवाया और स्वागत किया। इस मौके पर चौहान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से लोग अब निराशा हो चुके हैं इसलिए कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं । अवसर पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने राहुल गांधी पर भी निशाना साधा और कहा कि राहुल गांधी वामपंथियों और कुछ एनजीओ के बंधक हो गए हैं, इसीलिए ऊल जूलुल बयान देते हैं उन्हें अब कांग्रेस पार्टी के ही लोग गंभीरता से नहीं लेते। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी में जमीनी कार्यकर्ताओं की कोई बखत नही रही। विकास के मुद्दों और योजनाओं पर लगातार जद्दोजेहद करने के बाद भी उनकी कोई सुनवाई नहीं होती थी। उन्होंने कहा कि जो काम वह कांग्रेस पार्टी में रहकर नहीं करवा सके अब भाजपा में शामिल होकर शहर के विकास के हित में काम करेंगे। इस अवसर पर भाजपा के जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल राजेश तिवारी हरीश कोटवाले, कल्याण अग्रवाल, विधायक कंचन मुकेश तनवे अमर यादव, प्रवक्ता सुनील जैन, सुनील बंसल सहित पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# मतदाता जागरूकता अभियान में निकाली मशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए खण्डवा संसदीय क्षेत्र में आगामी 13 मई को मतदान होगा। जिले में शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनूप कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

इसी क्रम में गुरूवार रात्रि में सर्वधर्म समभाव सामाजिक समरसता मशाल रैली आयोजित की गई। मशाल रैली नगर निगम चौराहे खण्डवा से प्रारंभ हुई जो घण्टाघर, बाम्बे बाजार, केवलराम पेट्रोल पम्प होते हुए विभिन्न चौराहे से होते हुए तीन पुलिया खण्डवा पर आकर सम्पन्न हुई। मशाल रैली में सभी धर्म के गुरू एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, विभिन्न अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर



उपस्थित मतदाताओं को आगामी 13 मई को मतदान करने के लिए संकल्प दिलाया।

# मतदान का प्रतिशत बढ़ाने चलाया जागरूकता अभियान

***बुरहानपुर।*** *जिले के नेपानगर में अधिक से अधिक मतदान हो, शत प्रतिशत मतदान हो इसके लिए नगर पालिका नेपानगर में निकाय क्षेत्र के तहत नियमित रूप से अनेको कार्यक्रम व गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बच्चे महिलाएं, बड़ों, को मतदान के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जानकारी देते हुए नगर पालिका के जन संपर्क अधिकारी नरेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी व कलेक्टर भव्या मित्तल, जिला पंचायत सीईओ सृष्टि देशमुख के निर्देशानुसार मतदाता जागरूकता अभियान स्वीप के तहत नगर पालिका नेपानगर द्वारा पंडित जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम पर सुबह 6 बजे योगा कर रहे हैं। बच्चों को मतदान का महत्व समझाते हुए उन्हें अपने परिचितों, परिवार से मतदान करवाने का आग्रह किया। उसके बाद वार्ड क्रमांक 4 में मुदलियार भवन में बैडमिंटन खेल रहे युवा बच्चों को भी मतदान का महत्व समझाते हुए उन्हें मतदान की शपथ दिलाई।*

*उसके पश्चात वार्ड क्रमांक 10 में विट्ठल मंदिर परिसर के बाहर जिम करते हुए युवा मतदाताओं को मतदान का महत्व समझाते हुए शपथ दिलवाई गई। दूर दराज के गांव में मजदूरी करने जा रहे आदिवासी परिवार जो खेतों में मजदूरी कर रहे थे उन्हें 13 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव में वोट डालने के बारे में बताया गया। कहा कि एक.एक मतदाता का मत जब मत पेटी में पड़ेगा तभी शत प्रतिशत मतदान की परिकल्पना साकार होगी। वार्ड क्रमांक 15 के ऐसे आदिवासी परिवार जो मजदूरी के लिए अलगअलग खेतों में जाते हैं।*

### महाराणा प्रताप की जयंती पर टैगोर पार्क स्थित प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

# आज आवश्यकता है वीर योद्धा के मार्गदर्शन पर चलने की तभी हम सच्चे देशभक्त बन सकते हैं: सांसद पाटिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

देश की आन बान और शान महाराणा प्रताप की जन्म जयंती पर सामाजिक बंधुओ के साथ ही खंडवा के जनप्रतिनिधियों ने भी टैगोर पार्क स्थित महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया, समाजसेवी और प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि देश की रक्षा के लिए महाराणा प्रताप ने काफी संघर्ष किया, मेवाड़ को जीतने के लिए अकबर ने भी सभी प्रयास किए। महाराणा प्रताप ने भी अकबर की अधीनता को स्वीकार नहीं किया था। उन्होंने कई वर्षों तक मुगल सम्राट अकबर के साथ संघर्ष किया।

महाराणा प्रताप ने मुगलों के बार-बार हुए हमलों से मेवाड़ की रक्षा की। उन्होंने अपनी आन बान और शान



के लिए कभी समझौता नहीं किया। वपिरीत परिस्थिति में भी कभी हार नहीं मानी। यही वजह है क महाराणा प्रताप की वीरता के आगे किसी की भी कहानी टकिती नहीं है।

महाराणा प्रताप की जयंती विक्रमी संवत कैलेंडर के अनुसार प्रतिवर्ष ज्येष्ठ मास के शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाई जाती है। सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल महापौर अमृता अमर यादव, विधायक कंचन मुकेश तनवे ने महाराणा प्रताप की जयंती पर टैगोर पार्क के पास स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया, इस अवसर पर सांसद पाटिल ने कहा कि देश के महान योद्धा को उनकी जन्म जयंती पर नमन है आज आवश्यकता है उनके किए कार्यों एवं उनके मार्गदर्शन पर हम सबको चलने की ।इस अवसर पर महापौर अमृता यादव एवं विधायक कंचन तनवे ने भी महाराणा प्रताप की प्रतिमा को नमन कर सामाजिक बंधुओं को शुभकामना प्रेषित की, आयोजित कार्यक्रम में सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, महापौर अमृता यादव, विधायक कंचन तनवे, जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, हरीश कोटवाले, दिनेश पालीवाल, अमर यादव मुकेश तनवे, संदीप सोलंकी ,धर्मेंद्र बजाज, राजपाल सिंह तोमर, लोकेंद्र सिंह गौड़ सुनील जैन संजय राणा आशीष चटकले, चंद्रेश पचौरी, राजेश यादव, विक्की बावरे, बालकृष्ण करोड़ी अशोक पटेल, बलदेव सिंह मौर्य सहित सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

# 43.2 डिग्री पहुंचा अधिकतम तापमान बंगाल की खाड़ी के चक्रवात के कारण फिर बदल सकता है मौसम का मिजाज

**सीहोर।** नगर में गुरुवार को अधिकतम तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 22 डिग्री रहा। अधिकतम तापमान में गुरुवार की तुलना में लगभग एक डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। जबकि न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस गिरा है। जिले में बीते 12 घंटे के दौरान 8.5 एमएम बारिश भी रिकॉर्ड की गई है। मई पहली बार बीते 24 घंटे के दौरान मौसम के दो रंग देखने को मिले हैं। दिन में जहां भीषण गर्मी ने लोगों को काफी परेशान किया है। वहीं गुरुवार शाम को मौसम बदला था और तेज हवा के साथ बारिश भी हुई थी। शुक्रवार फिर सुबह से ही भीषण गर्मी का दौर लगातार जारी है। शासकीय कृषि कॉलेज में स्थित मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ एसएस तोमर ने बताया कि बंगाल की खाड़ी से चक्रवात के कारण नामी आ रही है। दिन में तापमान अधिक होने के कारण लो प्रेशर जॉन शाम के समय ही बनता है।

#### विभाग ने जारी की एडवाइजरी

स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी कर आमजनों को सलाह दी है कि वे बदलते मौसम में खान-पान का रखें ध्यान ताकि बीमारियां न करें परेशान। ताजा और हल्का भोजन ही खाएं, जंक फूड खाने से बचें, पानी अधिक मात्रा में पिएं, फलों का सेवन करें, चाय, कॉफी, गैस वाले पेय पदार्थों का सेवन नहीं करें, गर्मियों में रखें अपना ध्यान।